तेरी दया का मैं हूँ भिखारी | By Jeetu Mali

तेरी दया का मैं हूँ भिखारी
हार के आया बाबा शरण तिहारी

हार गया था तुमने जिताया
रोते हुए को हंसना सिखाया
खुशियों से भर दी तुमने झोली हमारी

हर पल सांवरिया तुझको ही ध्याऊँ
चरणों में तेरे शीश झुकाऊं
सर पे सदा ही रहती दया ये तुम्हारी

था मैं गरीब तूने सेठ बनाया
ज़मीं से उठा के मुझको फलक पे बिठाया
एहसान तेरा मुझपे है बड़ा भारी

ना भूल पाए उपकार तेरा
जीतू और देव करते गुणगान तेरा
तूने निभाई बाबा अपनी ये यारी
तेरी दया का..........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%a6%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%ae%e0%a5%88%e0%a4%82-%e0%a4%b9%e0%a5%82%e0%a4%81-%e0%a4%ad%e0%a4%bf%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%80-by/